ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-12-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-12-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-12-18	2024-12-19	2024-12-20	2024-12-21	2024-12-22
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	27.0	27.0	26.0	27.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	7.0	8.0	9.0	10.0	11.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	12	16	20	17	17
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	24	28	33	30	24
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	14	14	18	13	11
पवन दिशा (डिग्री)	48	39	34	50	76
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	0	0	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना। अधिकतम तापमान 26.0 से 27.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 07.0 से 11.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 11-14 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम साफ और शुष्क रहने की सम्भावना है। अधिकतम तापमान 26.0 से 27.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 07.0 से 11.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना। हवा की गति 11-14 किमी/घंटा रहने की संभावना है।

लघु संदेश सलाहकार:

किसान भाई खरपतवार नियंत्रण व फसल की अच्छी वृद्धि के लिए मैथी, ईसबगोल, सरसों व चने की फसल में निराई गुडाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	किसानों को सलाह दी जाती है कि समय से बोई गई गेहूं की फसल में पहली सिंचाई बुआई के 21 दिन बाद करें तथा नाइट्रो जन की 30 प्रतिशत मात्रा (55-65 कि.ग्रा. यूरिया/हेक्टेयर) भी सिंचाई के समय डालें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	तापमान में कमी होने पर सरसों की फसल में सफेद रोली रोग की लगातार निगरानी करें। सफेद रोली रोग से फसल बुवाई के 50 से 60 दिन बाद या दिसंबर माह में पतियों की निचली सतह पर सफेद रंग के ऊभरे हुए फफोले दिखाई देते है। फफोलो की ऊपरी सतह पर पतियों पर पीले रंग के धबे दिखाई देते है। इसकी रोकथाम के लिए प्रथम छिड़काव मेटालेक्सिल 0.2 प्रतिशत (2 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर) का घोल बनाकर छिड़काव करे।
चना	चने की फसल में रूट रोट रोग के लक्षण दिखाई देने पर पौधे को जड़ सहित उखाड़ने पर जड़ में सफेद फफूंद की वृद्धि दिखाई देती है। पौधा मुरझा कर सुख जाता है। इस रोग के नियंत्रण के लिए कार्बेन्डाजिम 50 डब्ल्यू पी को 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
जीरा	जीरे की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए ऑक्साडाईरजिल या ऑक्सीफ्लोरफेन 50 ग्राम प्रति हैक्टेयर की दर से बुवाई के 20 दिन बाद छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं मे न्यूमोनिया के लखण जैसे बुखार, दस्त, नाक व आंख से पानी आना दिखाई देने पर उसे तुरन्त अन्य स्वस्थ पशुओं से पृथक कर दें और निकटतम पशुचिकित्सक से परामर्श लें।